Title: Need to provide financial assistance to Government of Maharashtra for providing relief to the people affected by drought in Nasik district.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : सभापति महोदया, महाराट्र नासिक जिले में 15 तहसील हैं। पिछले वर्ा सब तहसील सूखे की चपेट में थीं। इस वर्ा में सराणा, मालेगांव, नांदगांव, बांख़ड़, निफाड़, सिन्नार, खेला और येवड़ा, इस प्रकार से इस वर्ा ये आठ तहसील फिर सूखे की चपेट में हैं। लगातार दो वर्ा से यह क्षेत्र सूखे की चपेट में है। पीने के लिए पानी नहीं है, खेती के लिए पानी नहीं है, जानवरों के लिए चारा नहीं है, मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए मेरी भारत सरकार से विनती है कि वह केन्द्र सरकार की एक कमेटी भेजे जो सूखे की स्थिति का जायजा ले और प्रदेश को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए।